

# अस्ताचलगामी सूर्य को व्रती महिलाओं ने दिया पहला अर्घ्य

## आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूरा होगा 36 घंटे का निर्जला उपवास

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 अक्टूबर. छठ पर्व के तीसरे दिन निर्जला व्रती महिलाओं ने सोमवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर संतान की लंबी आये के साथ सुख समृद्धि की कामना की. इस दौरान छठ पर्व से जुड़े लोक गीत लोगों कोनों में गूंजते रहे. मंगलवार की सुबह उगजे सूर्य को अर्घ्य देने के बाद 36 घंटे से चला आ रहा निर्जला उपवास महिलाओं द्वारा तोड़ जाएगा.**







वैसे तो शहर सहित आस पास के कई क्षेत्रों में छठ पर्व का उल्लास देखने को मिल रहा था. लेकिन बिरला रोड पर संतोषी माता मंदिर क्षेत्र में जन सैलाब उमड़ पड़ा. शाम के 4 बजे से ही लोगों को टोकरी लेकर वहां पहुंचने का सिलसिला आरंभ हो गया था. इस दौरान जहां निर्जला व्रती महिलाएं मंगल गीत गाते हुए तालाब की ओर बढ़ रही थीं. वहीं उनके साथ उनके परिजन भी फल और प्रसाद से भररी टोकरी लेकर चल रहे थे. कुछ महिलाएं अपने सिर पर फलों का डोला और हाथ में कलश लिए हुए थीं. घट पर पहुंचने के बाद महिलाओं द्वारा छठी मईया की पूजा अर्चना करते हुए विभिन्न प्रकार के फल और ठेकुआ अर्पित किया गया. जिसके बाद फूल माला चढ़ाकर डूबते सूर्य का इंतजार किया जाने लगा. इस दौरान आस पास चारों ओर छठी मईया के भक्ति गीत गुंजाएमान हो रहे थे. जैसे ही सूर्य डूबने को हुआ वैसे ही महिलाएं तालाब के पानी में चली गईं. जहां पर घुटनों तक पानी में खड़े होकर पूजन करते हुए अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया. इस दौरान छठी मईया से संतान की लंबी आयु और सुख समृद्धि की कामना की गई. जिसके बाद पूजन-अर्चन कर भक्ति गीत गाते हुए महिलाएं अपने अपनें परिजनों के साथ वापस लौट गईं. इसी कड़ी में मंगलवार की सुबह सभी व्रती महिलाएं एक बार फिर से जलाशय के किनारे एकत्र होंगी. जहां पर घुटनों तक पानी में खड़े होकर उदीयसमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा.

उगते सूर्य को अर्घ्य च पूजन अर्चन करने के बाद महिलाओं का पिछले 36 घंटे से चला आ रहा निर्जला व्रत का पारण किया जाएगा. जिसके बाद डठी मईया का प्रसाद घर परिवार व रिश्तेदार सहित पड़ोसियों को वितरित किया जाएगा. गौरतलब है कि 4 दिवसीय छठ पर्व का आरंभ 3 दिन पहले नहाए-खाए से आरंभ हुआ था.

### भोजपुरी महासंघ ने किया स्वागत



भोजपुरी महासंघ सतना द्वारा सूर्य उपासना के महापर्व छठ महोत्सव के अवसर पर संतोषी माता घाट पर छठवृतियों का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया महासंघ ने पंडाल में पधारने वाले सभी श्रद्धालुओं और विशिष्ट व्यक्तियों को जय छठी मैया अंकित अंगवस्त्रन पहना कर स्वागत किया गया। महासंघ के पंडाल में पधारने वालों में सांसद श्री गणेश सिंह, विधायक श्री सिद्धार्थ कुशवाहा ,नगर निगम के मेयर श्री योगेश ताम्रकार ,विंध्य चेंबर साहब कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, भाजपा नेत्री मनीशा सिंह, नितिन त्रिपाठी आशा शुक्ला इत्यादि प्रमुख रहे।

### सुरेन्द्र ने दी छठ की बधाई

जदयू नेता और अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर्व पर आज सतना स्थित संतोषी माता तालाब के घाट पर पहुंचकर सभी को छठ पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि छठ माता सभी को सुख समृद्धि और शांति दे सूर्य देव अपने प्रकाश की ऊर्जा से सभी को शक्तिमान बनाएं और व्रतधारियों की मनोकामना को पूरा करें।

### घाट पर पहुंचे सांसद



सांसद गणेश सिंह ने तालाब परिसर में पहुंचकर सबसे पहले श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उन्हें छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छठ पूजा के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे सूर्य उपासना और लोक आस्था का अनुपम पर्व बताया। इस दौरान उन्होंने तालाब परिसर में उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और मेडिकल सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इस पर्व के दौरान किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए सघन प्रयास किए जाएंगे

नवभारत न्यूज

**सतना 27 अक्टूबर. मध्यप्रदेश में देव उठनी ग्यारस के अवसर पर बाल विवाह होने की संभावना के दृष्टिगत बाल विवाह की रोकथाम के लिए जन जागरूकता के माध्यम से सघन प्रयास किये जायेंगे।**

देव उठनी ग्यारस के मौके पर इस वर्ष एक और 2 नवम्बर को जन जागरूकता अभियान संचालित कर बाल विवाह रोकने आयुक्त महिला बाल विकास विभाग सूफिया फारूखी वली ने सभी कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। बाल विवाह की रोकथाम के लिए सूचना दल का गठन, कन्ट्रोल रूम की स्थापना और उडनदस्ता दल भी बनाये जायेंगे। बाल विवाह की रोकथाम के लिए सूचना प्राप्त करने प्रत्येक ग्राम/वार्ड में सूचना दल गठित किया जायेगा। जिसमें शिक्षाक, एएनएम, आशा, स्व सहायता समूह सदस्य, शौर्या के सदस्य, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति के सदस्य, सरपंच, पंच, ग्राम पंचायत सचिव, सक्रिय नागरिक दल के सदस्य होंगे। सूचना दल ग्राम या वार्ड में हो रहे बाल विवाह की सूचना कन्ट्रोल रूम या बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को तत्काल देंगे। जिला एवं ब्लाक स्तर पर विशेष विवाह मुहुर्त के पूर्व कन्ट्रोल रूम स्थापित होंगे। जो 24 घण्टे कार्यरत रहेंगे। कन्ट्रोल रूम में सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को तत्काल दी जायेगी। बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी एवं अन्य विभागों के समन्वय से जिला स्तर और परियोजना स्तर पर उडनदस्ते भी गठित होंगे। जो सामूहिक विवाह स्थलों, वैवाहिक स्थलों का भ्रमण कर बाल विवाह की सूचना पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। सभी सीएमपीओ बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल पर निगरानी रखेंगे और शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही कर पोर्टल अपडेट करेंगे। सभी पंच, सरपंच, सचिव बाल विवाह नहीं देने की शपथ लेंगे और पंचायत में यह शपथ जगह-जगह चस्पा भी करेंगे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने की शहर के प्रतिष्ठित होटल की जांच

## खुले में रखे मिले खाद्य पदार्थ, नोटिस जारी, बोतलबंद पानी, खाद्य पदार्थ और शराब के लिए गए नमूने

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 अक्टूबर. सोशल मीडिया और कुछ न्यूज चैनल के जरिए सूचना प्राप्त होने पर जिला कलेक्टर द्वारा शहर के एक प्रतिष्ठित होटल की जांच के आदेश दिए गए थे।**

जिसके आधार पर मौके पर पहुंची खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने वहां पर कुछ अनियमितता पाए जाने पर एक ओर जहां नोटिस जारी कर दी। वहीं दूसरी ओर पानी शराब और खाद्य पदार्थ के नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेज दिए।



सोशल मीडिया और न्यूज चैनल से प्राप्त सूचना पर कलेक्टर सतना डॉ सतीश कुमार एस के निर्देश पर एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा सीएमएचओ डॉ एल के तिवारी के मार्गदर्शन में सोमवार को रीवा रोड स्थित शहर के प्रतिष्ठित होटल ओम रिसॉर्ट सतना में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा दबिश दी गई। होटल में संचालित रेस्टोरेंट द एनएच 75 किचेन के स्टोर , किचेन की जांच की गई। किचेन में खाद्य पदार्थों को खुला और अव्यवस्थित तरीका से रखा पाया गया तथा मौके पर दस्तावेजों का उचित संधारण नहीं पाया गया जिस पर नोटिस जारी के प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

वहीं दूसरी ओर रेस्टोरेंट से आर्यन गोल्ड सौंफ और ओम रिसॉर्ट वाटर ग्राम पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के नमूने लिए गए। इसी कड़ी में ओम रिसॉर्ट में संचालित प्याला द बार से ओल्ड मॉन्क रम,चना मसाला, साल्टेड मूंगफली, ग्लैस्ड करौंदा, गुलकंद के नमूने लिए गए। खाद्य पदार्थों के रख रखाव और दस्तावेजों का उचित संधारण नहीं पाया गया है जिसके कारण नोटिस जारी किया जा रहा है।

उक्त खाद्य पदार्थों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है प्राप्त जांच रिपोर्ट पर नियमानुसार उचित कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौड़, शीतल सिंह और अशोक कुर्मी शामिल रहे।

# नगर वन में गहोई वैश्य समाज ने किया दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 अक्टूबर. नगर वन के हरियाले और मनोरम वातावरण में रविवार, 26 अक्टूबर को गहोई वैश्य समाज का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट स्नेह सम्मेलन हर्ष, उल्लास और आत्मीयता के साथ संपन्न हुआ। समाज के सभी वर्गों बालक, युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।**



प्रात: 11 बजे आरंभ हुए इस मिलन समारोह में विविध सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई। गीत-संगीत, नृत्य, खेलकूद और हास्य प्रतियोगिताओं ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। नगर वन का हर कोना हंसी, तालियों और उमंग से गूंज उठा। हरियाली से आच्छादित इस प्राकृतिक स्थल पर उपस्थित सभी परिवारों ने स्नेह, सहयोग और एकता का सुंदर संदेश दिया। समाज के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि एकता, स्नेह और सेवा ही समाज की असली शक्ति है मिलजुलकर हम अपने संस्कारों और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं सचिव पीयूष गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि जब समाज एक साथ मुस्कुराता है, तभी जीवन में सच्ची रोशनी आती है। यह आयोजन उसी प्रकाश और प्रेम का प्रतीक है।

कार्यक्रम के अंत में अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। सुरुचिपूर्ण सामूहिक भोज के दौरान सभी परिवारों ने एक साथ भोजन कर अपनत्व और बंधुत्व की भावना को सशक्त किया। इस आयोजन में समाज के अनेक वरिष्ठजन, महिलाएं और युवा सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# खाद वितरण से जुड़े अधिकारी हर दिन शाम को देंगे रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

**सतना 27 अक्टूबर. सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने रबी फसलों की तैयारी के लिए खाद आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा।**

उन्होंने कहा कि सहकारिता, कृषि, मार्कफेड, सहकारी बैंक एवं खाद वितरण से जुड़े जिला अधिकारी प्रतिदिन शाम 5.30 बजे कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर दिन भर की रिपोर्ट देंगे। कलेक्टर की मुख्यालय में अनुपस्थिति पर अपर कलेक्टर को रिपोर्ट करेंगे। धान उपार्जन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि जिन किसानों का सत्यापन कार्य शेष है। अगले एक-दो दिन में इसे राजस्व अधिकारी पूरा करें। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सतना जिला 71 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण के साथ प्रदेश में निचले पायदान पर है। जिला आपूर्ति अधिकारी माह के शेष 3 दिनों में शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराये। जिला प्रबंधक नान ने बताया कि दुकानों में 95 प्रतिशत खाद्यान्न लिफ्ट कराया जा चुका है। कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम और खाद्य विभाग के अधिकारी उचित मूल्य की दुकानों का सतत भ्रमण कर स्टाक चेक कराये।

सोयाबीन फसल के लिए लागू भावांतर योजना की समीक्षा कलेक्टर ने की। बताया गया कि भावांतर योजना में सतना और नागौद की मंडियों में 71 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिनका सत्यापन हो चुका है। यह किसान 24 अक्टूबर से अपना उत्पादन मण्डी में बेच सकेंगे।


**कोदो-कुटकी के लिए 239 किसानों ने कराया पंजीयन-** राज्य शासन द्वारा मिलेट्स को प्रोत्साहन देने की योजना के तहत प्रदेश के कोदो-कुटकी उत्पादन करने वाले किसानों को बेहतर मूल्य के लिये समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया है। कोदो-कुटकी के उत्पादन को समर्थन मूल्य पर बेचने संबंधित किसान 31 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकेंगे।

# नेत्र दान कर दो लोगों की अंधेरी दुनिया रोशन कर गए विक्रमादित्य द्विवेदी

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 अक्टूबर. भारत विकास परिषद द्वारा 27 अक्टूबर सोमवार को प्रात: 10 बजे जिला अस्पताल सतना में नागौद निवासी विक्रमादित्य द्विवेदी का नेत्रदान कराया गया।**

स्वर्गीय द्विवेदी भारत विकास परिषद के सक्रिय सदस्य प्रेस फोटोग्राफर विनोद पंडित जी के समधी थे। स्वर्गीय विक्रमादित्य के पुत्र विनोद द्विवेदी एवं उनके परिजनों ने दुख की इस घड़ी में भी पीड़ित मानवता की सहायतार्थ लोकोपकारी नेत्रदान का मानस बनाया एवं भारत विकास परिषद तथा श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय आई बैंक जानकी चित्रकूट की चिकित्सकीय टीम ने उनका नेत्रदान कराया। द्विवेदी जी के नेत्रदान से दो लोगों की अंधेरी दुनिया रोशन होगी। विकास परिषद के संरक्षक डॉक्टर एस के माहेश्वरी, अध्यक्ष विजय गुप्ता, नेत्रदान प्रकल्प के पुरुषोत्तम अग्रवाल, संजय गुप्ता, सुकुमाल जैन, डॉक्टर हरकिरण बाबा, श्रीमती



अनीता ताम्रकार, योगेश जैन, सोनिया खंडेलवाल, प्रदीप, विनोद पंडित, जैन डॉक्टर आरके अग्रवाल श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नेत्र दाता द्विवेदी परिवार के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया है। डॉक्टर अमित अग्निहोत्री, डॉ विपिन दुबे, डॉक्टर समिश गुप्ता, प्रदीप जैन, कैलाश केशरवानी, आभा अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल, संगीता, गुप्ता रिंकू राकेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, रजनी जैन, दयाल कापड़ी, अजय तेजवानी, सिंघई राहुल जैन, ललित माहेश्वरी, प्रदीप ताम्रकार, अनिल नायक, रामचंद्र नाथानी, सत्यम केसरवानी, अनमोल केसरवानी, कृष्णकांत, शिवम केसरवानी, श्रेयश अग्रवाल, निशा शर्मा सहित परिषद परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नेत्र दाता द्विवेदी परिवार के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया है।



# श्री जी को समर्पित 3 पुस्तकों का डॉ . विनय ने किया विमोचन

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 अक्टूबर. मैं भारत हूं - खुद से बात करना चाहता हूं, मेरी बात मुझसे किताब डॉ. विनय कुमार वर्मा ने अपने जन्मदिवस धनतेरस - दीवाली के अवसर पर आई लव यू माय यूनिवर्स ग्लोबल गवर्नेंस एथिक्स मोरल्स फ्यूचर डायरेक्शंस तीन पुस्तकों को प्रकाशित किया।**

पहली पुस्तकों को डॉ. विनय, श्री राधा रानी जी के जन्मोत्सव में बरसाने धाम में पूर्ण की थीं, अगली पुस्तक यमुना नदी स्नान की बाद श्री बांके बिहारी जी के मंदिर वृंदावन, प्रेम मंदिर, इसकॉन टेम्पल, व अन्य पवित्र स्थान पर वैचारिक नींव रख कर व वृंदावन धाम पर परिक्रमा करने के बाद व तीसरी पुस्तक हारे के सहारे बाबा खाटू श्याम जी के दरबार पर पूरी की। वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा और कल्प वृक्ष विशाल विश्वास सें विश्व को वैश्विक 1 गांव मानकर लिखा। जिस जिस प्रकार एक माता मातृशक्ति अपनी संतान को आत्मियता से लगाव रखती है उस सम्बन्ध को आत्मसात करके महसूस करके डॉ. विनय ने अपने विश्व को समर्पित करके किताबे लिखी, जिसमें %आई लव यू माय यूनिवर्स% विषय पर लीगल भाषा का प्रयोग करते हुए कुछ शब्दों का गठन विश्व मात्र की सेवा के लिए प्रस्तुत करने की कोशिश की गई है।

# रामपुर बाघेलान में रोजगार मेला आज

नवभारत न्यूज

**सतना 27 अक्टूबर. शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में पीएस एफ सर्विस हैदराबाद का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा।**

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 28 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई रामपुर बघेलान, 29 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई मैहर, 30 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई रामनगर एवं 31 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर पद हेतु आयु 18 से 40 वर्ष तथा योग्यता 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 अक्टूबर. शहर के पौराणिक टोला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार देर शाम को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।**

कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। कथा के मुख्य आचार्य डॉ शालीग्राम महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। आयोजक अशोक चतुर्वेदी ने आरती व पूजा पाठ किया।द्वय विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा,सुरेंद्र सिंह गहरवार,पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी,दिलीप मिश्रा,पुष्पराज बागरी,नरेंद्र त्रिपाठी,संतोष चतुर्वेदी,राजकुमार तिवारी, भोला पयासी आदि लोग शामिल रहे।



## एक नजर में




### विन्ध्य व्यापार मेले की हुई लांचिंग

**सतना।** विन्ध्य चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा 19 दिसंबर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 तक बीटीआई ग्राउंड सतना में आयोजित होने जा रहे 12वे 11 दिवसीय विंध्य व्यापार मेला 2025 का लांचिंग समारोह पूर्वक मोती महल सतना में गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### डीएफए इंटरस्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप 15 नवं . से

**सतना।** जिला फुटबॉल संघ सतना की मासिक बैठक अध्यक्ष विकल्प सिंह जी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले में स्कूल स्तर पर फुटबॉल प्रतिभाओं को खोजने और प्रोत्साहित करने के लिए डीएफए इंटरस्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 15 से 20 नवंबर 2025 तक किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में जिले की 16 स्कूल टीमें हिस्सा लेंगी। इस आयोजन का उद्देश्य सतना जिले के प्रतिभावान युवाओं को एक मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। बैठक में अतुल सिंह, सचिव नलिनेंद्र मिश्रा, सहसचिव डॉ . पंकज सिंह, संतोष गुप्ता, के .एल . यादव, धनंजय सिंह, निहाल बेंजामिन सहित सभी सदस्यों ने इस निर्णय पर सहमति जताई। यह आयोजन जिले में फुटबॉल के विकास और युवा खिलाडि़ों को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### सत्येंद्र शर्मा विद्यावाचस्पति की उपाधि से सम्मानित

**सतना।** लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सत्येंद्र शर्मा को 26 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में विद्या वाचस्पति (डॉक्टरेट) की उपाधि से सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी देते हुए लायंस क्लब सतना के अध्यक्ष लायन अरविंद शर्मा ने बताया होटल रेडिसन ब्लू, पश्चिम विहार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सत्येन्द्र शर्मा को समाजसेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर किए गए शोध एवं सामाजिक कार्यों के लिए पण्डित दीनदयाल उपाध्याय विद्यापीठ की प्रबंधकारिणी के अनुशंसा पर यह सम्मान प्रदान किया गया है। उक्त उपाधि पद्मश्री अरविंद कुमार, पूर्व कुलपति रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं उच्च पदस्थ शिक्षाविदों द्वारा प्रदान गई। लायन सत्येंद्र शर्मा के सम्मानित होने पर लायंस क्लब परिवार ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### आत्म निर्भर व स्वावलंबन पर सम्मेलन आज

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के तत्वावधान में जिला युवा सम्मेलन का आयोजन 28 अक्टूबर 2025, मंगलवार को दोपहर 12 बजे भाजपा जिला कार्यालय सतना में किया जाएगा। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विधायक सिद्धार्थ तिवारी (त्यौंथर) उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि होंगे मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री मुख्य अतिथि गौतम टेटवाल, तथा अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पं . भगवती प्रसाद पाण्डेय करेंगे।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद गणेश सिंह, विधायक नागेन्द्र सिंह (नागौद), विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार (चित्रकूट), विधायक विक्रम सिंह (रामपुर बाघेलान) एवं महापौर योगेश ताम्रकार उपस्थित रहेंगे।

